बिहार सरकार

प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पूर्णियाँ कॉलेज पूर्णियाँ

सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि एस0एस0सी0 / बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षायें आदि की तैयारी हेतु **अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्राओं** के लिए प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पूर्णियाँ कॉलेज पूर्णियाँ में सत्र 2026–27 में नामांकन हेतु दिनांक–21.04.2026 से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2025–26 में क्रमशः **एस0एस0सी0** एवं **बी0पी0एस0सी0** कोर्स में 60–60 स्थान अर्थात् 120 स्थान हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उपलब्धता के आधार पर महिलाएँ एवं दिव्यांगों को क्रमशः 35% एवं 3% की वरीयता दी जायेगी। छात्र / छात्राओं का चयन संबंधित विषय के बहुवैकल्पीय लिखित परीक्षा के माध्यम से मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान आवास की व्यवस्था नही है। आवेदन के लिए निम्नलिखित अहर्तायें वांछित है :–

(क) (i) छात्र / छात्राओं की आयु सीमा एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अहर्ता के अनुरूप होना चाहिए।

(ii) बिहार राज्य का स्थाई निवासी होना चाहिए।

(iii) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य होना चाहिए।

(iv) छात्र की आय सहित उनके अभिभावक के अधिकतम वार्षिक आय सभी श्रोतों को मिलाकर 2,50,000 (दो लाख पचास हजार रूपये) से अधिक नही होना चाहिए।

(ख) उक्त प्रशिक्षण अवधि अधिकतम छः माह की होगी एवं प्रशिक्षण अवधि में छात्र / छात्राओं को छात्रवृत्ति / वजीफा भी दिया जायेगा। छात्रवृति राज्य सरकार द्वारा आवंटन प्राप्त होने पर प्रदान की जायेगी। वर्ग में उनकी उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम न हो।

(ग) कार्यान्वयन ऐजेंसी, जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्णियाँ के कार्यालय / निदेशक, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पूर्णियाँ कॉलेज पूर्णियाँ से आवेदन प्राप्त किया जा सकता है।

आवेदन कैसे करें:–

आवेदन पत्र के साथ जन्म तिथि, शैक्षनिक योग्यता, जाति, आय एवं आवास प्रमाण–पत्र के साथ स्वपता लिखित लिफाफा 40 रू0 के डाक टिकट एवं तीन फोटो (पासपोर्ट साईज) संलग्न कर कार्यान्वयन ऐजेंसी, निदेशक, प्राक् प्रशिक्षण केन्द्र पूर्णियाँ कॉलेज पूर्णियाँ में केवल निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जा सकता है। स्थानीय छात्र / छात्राएं निदेशक, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, पूर्णियाँ कॉलेज पूर्णियाँ में सुबह 11:00 बजे से 3:00 बजे तक नामांकन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि :–

कार्यान्वयन ऐजेंसी, निदेशक, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र पूर्णियाँ कॉलेज पूर्णियाँ में आवेदन–पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–06.05.2026 तक होगी। परीक्षा की संभावित तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 21वें दिन होगी।

(अजीत कुमार)
जिला कल्याण पदाधिकारी, पूर्णियाँ

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No.001208 (SWD) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।